# दास्तान-ए-मोहब्बत सलीम अनारकली में शाहीर शेख की पत्नी का रोल निभाएंगी हेली दारूवाला

लगता है कि टीवी ऐक्ट्रेस हेली दारूवाला का सपना जल्द पूरा होने वाला है। दरअसल हेली ने एक बार कहा था कि वह किसी हिस्टोरिकल ड्रामा में काम करना चाहती हैं। अब ऐसी खबर आ रही है कि वह दास्तान-ए-मोहब्बत सलीम अनारकली से जुड़ने जा रही हैं।

खबर है कि वह इस सीरियल में शाहीर शेख की पहली पत्नी मान बाई की भूमिका निभाएंगी। मान भाई जोधा के भाई भगवान दास की बेटी थीं। इस खबर को अब हेली ने भी कन्फर्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें यह किरदार ऑफर किया गया तो तुरंत उन्होंने इसके लिए हां बोल दिया। उन्होंने कहा, जब शो के मेकर्स ने इस लोग के लिए मुझे अप्रोच किया तो मैं तो जैसे चांद पर ही पहुंच गई। मैं हमेशा से किसी ऐसे शो का हिस्सा बनना चाहती थी जो ऐतिहासिक किरदारों पर आधारित हो। इसलिए मैंने बगैर ज्यादा सोचे इस शो के लिए हामी भर दी।

# अपने जुनून की कहानियां सुनायेंगे शाहरुख और कंगना



बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान, अभिनेत्री कंगना रनौत और दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय अपने जुनून की कहानियां लोगों को सुनाने जा रहे हैं। शाहरुख, कंगना रनौत और विजय 15 दिसंबर से छह शहरों में आयोजित की जाने वाली सिग्नेचर मास्टरक्लास में अपने जुनून की कहानी साझा करेंगे। शाहरूख लखनऊ में तो वहीं कंगना गुरुग्राम, कोलकाता, गुवाहाटी और पुणे में, इसी के साथ दक्षिण के सितारे विजय हैदराबाद में दर्शकों को अपनी कहानियां बताएंगे। फेमस वीजे और एक्टर साइरस साहूकार इन कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे। शाहरुख खान ने कहा , मैं दिल्ली से मुंबई अभिनय के जुनून के साथ आया था। मैं नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के कैंपस में महान कलाकारों के बीच बड़ा हुआ हूं, जिन्होंने वास्तव में मुझे प्रेरित किया था। मैं सिगनेचर मास्टरक्लास प्लेटफॉर्म पर अपनी कहानी साझा करने को लेकर उत्साहित हूं। कंगना ने कहा, मुझे अच्छा लग रहा है कि मैं अपनी कहानी लोगों से साझा करूंगी। एक महिला के रूप में हमें जो संघर्ष करना पड़ता है, उसे मैं समझती हूं। उम्मीद करती हूं कि महिलाएं प्रेरित होंगी। विजय ने कहा, हर किसी का जुनून होता है। मैं भाग्यशाली था कि मुझे मेरे जुनून को हकीकत में बदलने का मौका मिला। मेरे माता-पिता ने हमेशा मुझे प्रेरित किया।

## कर्णसंगिनी में नारायणी ने अमिता खोपकर की जगह ली

टीवी अभिनेत्री नारायणी शास्त्री को पौराणिक शो कर्णसंगिनी में कर्ण की मां राधा की भूमिका निभाने के लिए अमिता खोपकर की जगह अनुबंधित किया गया है। नारायणी ने एक बयान में कहा, यह सच है कि मैं कर्णसंगिनी का हिस्सा बनने ज ा



रही हूं। मेरा किरदार विनम्र लेकिन मजबूत शख्सियत वाली महिला का है। यह किरदार न नकारात्मक है और न सकारात्मक है, इन दोनों के बीच का है। मैं वास्तव में राधा का किरदार निभाने को लेकर रोमांचित हूं क्योंकि मुझे ग्रे किरदार पसंद हैं।

शो से बाहर होने के बारे में अमिता ने कहा कि वह निर्माताओं के फैसले का सम्मान करती हैं। अमिता ने कहा कि उन्हें पहले ही इस बारे में जानकारी दे दी गई थी। निर्माताओं को मेरे अभिनय से कोई समस्या नहीं थी लेकिन उन्होंने राधा का किरदार निभाने के लिए किसी और को लेने का फैसला किया और मैं इसका सम्मान करती हूं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



# सच हुआ सारा का सपना, कार्तिक आर्यन के साथ करेंगी रोमांस!

कुछ वक्त पहले करण जौहर के चेट शो कॉफी विद करण में सारा अली खान ने इच्छा जताई थी कि वह ऐक्टर कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहती हैं। अब उनकी यह विश कब पूरी होगी यह तो पता नहीं, लेकिन कार्तिक आर्यन के साथ सारा को फिल्म ज़रूर मिलने वाली है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा ने अपनी तीसरी फिल्म साइन कर ली है और इसमें उनके ऑपोज़िट कार्तिक आर्यन होंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, सारा अली खान को इम्तियाज़ अली की अगली फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है, जिसमें कार्तिक आर्यन लीड रोल में हैं। खबर है कि सारा ने यह फिल्म साइन कर ली है। अगर ऐसा है तब तो यह बड़ी बात है क्योंकि सारा की डेब्यू फिल्म केदारनाथ अभी रिलीज़ भी नहीं हुई है और उससे पहले ही उन्होंने तीन फिल्में साइन कर ली हैं। जहां डेब्यू फिल्म में वह सुशांत सिंह राजपूत के ऑपोज़िट हैं, तो वहीं सिंबा में वह रणवीर सिंह के साथ नज़र आएंगी। अब तीसरी फिल्म वह कार्तिक आर्यन के साथ करने जा रही हैं। चूंकि सारा कार्तिक आर्यन को डेट करना चाहती हैं, तो ऐसे में वह भला अपने हाथ से उनके साथ काम करने का मौका कैसे जाने देंगी। वैसे सारा की इस विश के बारे में जब कार्तिक आर्यन से पूछा गया था तो उन्होंने कहा था, मैं इस बारे में क्या कहूं। बस यही कह सकता हूं कि वह बेहद प्यारी हैं और मैं उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं।

# एबीसीडी-3 में नजर आएंगी शक्ति मोहन

डायरेक्टर-कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा की डांस फ्रेंजाइजी फिल्म एबीसीडी की तीसरी कड़ी में डांसर शक्ति मोहन भी नजर आएंगी। बतौर ऐक्टर यह शक्ति की पहली फिल्म होगी। सूत्रों के मुताबिक, रेमो ने शक्ति को यह ऑफर अपने डांस रिएलिटी शो डांस प्लस 4 के दौरान दिया। शक्ति इस शो में मेंटॉर की भूमिका में हैं। सूत्र बताते हैं, शो के दौरान शक्ति ने कहा कि इंडस्ट्री में लड़कियों के लिए जगह बना पाना ज्यादा मुश्किल होता है। उनकी इस बात से इत्तेफाक न जताते हुए शो के सुपर जज रेमो ने शक्ति को वहीं अपनी अगली फिल्म में रोल ऑफर कर दिया।

बता दें कि रेमो ने अपनी डांस फिल्म एबीसीडी की नींव अपने पहले डांस रिएलिटी शो डांस इंडिया डांस के प्रतियोगियों को लेकर ही रखी थी। इस फिल्म में डीआईडी सीजन वन के विजेता सलमान युसूफ खान के अलावा प्रतिभागी धर्मेश येलंडे, प्रिंस, पुनीश पाठक, मोहिना सिंह आदि नजर आए थे।

इसके बाद आई एबीसीडी-2 में वरुण धवन और श्रद्धा कपूर के साथ धर्मेश, पुनीश, राघव जुयाल ने अहम भूमिकाएं निभाई थी। गौर करने वाली बात है कि डीआईडी 2 की विनर होने के बावजूद शक्ति को अब तक इस सीरीज का हिस्सा बनने का मौका नहीं मिला था। ऐसे में वरुण धवन और कटरीना कैफ की मुख्य भूमिका वाली फिल्म एबीसीडी 3 का ऑफर मिलना शक्ति के लिए निश्चित तौर पर एक बड़ा ब्रेक है। इससे उत्साहित शक्ति कहती हैं, मैं हमेशा से ऐसे मौके का इंतजार कर रही थी। आज यह मुझे मिला है तो मैं बहुत खुश हूं। रेमो सर के साथ काम करना हमेशा अच्छा लगता है और उनके साथ मूवी करना बेहद एक्साइटिंग होगा। चूंकि यह मेरी डेब्यू मूवी होगी तो अभी से मैं शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रही हूं। इससे पहले शक्ति मोहन फिल्म तीस मार खान और राउडी राठौर में आइटम डांस कर चुकी हैं। वहीं, टीवी शो दिल, दोस्ती, डांस में भी नजर आ चुकी हैं। वैसे रेमो ने शक्ति के अलावा डांस प्लस 4 की एक प्रतियोगी वर्तिका झा को भी इस फिल्म का ऑफर दिया है।



# दीपवीर के रिसेप्शन में जाएंगी कटरीना कैफ

न्यूली वेड कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह 2 दिसंबर को मुंबई में अपनी शादी की रिसेप्शन पार्टी आयोजित करने वाले हैं। इस ग्रैंड पार्टी के लिए बॉलिवुड के लगभग सभी सिलेब्स को इन्वाइट किया गया है। इसी बीच एक खबर जो बीटाउन में चर्चा का विषय बनी हुई थी वह यह थी कि क्या इस रिसेप्शन पार्टी में कटरीना कैफ तो इन्वाइट किया जाएगा? अगर आप भी उन लोगों में से हैं जिनके मन में यह सवाल आ रहा था, तो हम आपको बता दें कि दीपवीर की रिसेप्शन पार्टी में कटरीना कैफ को इन्वाइट किया गया है और कटरीना इस पार्टी में शिरकत भी करेंगी। खबरों की मानें तो रणवीर सिंह ने कटरीना को रिसेप्शन में आने के लिए इन्वाइट किया है। बताया जा रहा है कि कटरीना इस पार्टी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म भारत के को-स्टार सलमान खान और डायरेक्टर अली अब्बास जफर से इस बारे में चर्चा भी की है। सूत्रों के मुताबिक कटरीना दीपवीर की रिसेप्शन पार्टी में सलमान और अली अब्बास जफर के साथ ही पहुंचेंगी।

गौरतलब है कि इन दोनों ऐक्ट्रेसेस ने रणबीर कपूर को डेट किया है और इसी कारण से कटरीना और दीपिका के बीच की बॉन्डिंग कुछ खास नहीं मानी जाती। मालूम हो कि एक बार जब दीपिका से पूछा गया कि क्या वह अपनी शादी में कटरीना को इन्वाइट करेंगी? तो इसके जवाब में दीपिका ने साफ कर दिया था कि वह कटरीना को अपनी शादी में नहीं बुलाने वालीं। दीपिका और रणवीर अपने गेस्ट्स को इन्वाइट करने के लिए पर्सनली टेक्स्ट मेसेज कर रहे हैं, लेकिन जहां तक बात कटरीना को इन्वाइट करने की है, तो उन्हें सिर्फ रणवीर की तरफ से ही मेसेज मिला है। बता दें कि जब दीपिका और रणवीर ने अपनी शादी की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया था तब कटरीना ने दीपिका के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की गई फोटो पर कमेंट में लिखा था, आप दोनों को बधाई।